# Child Safe Environment & Wellbeing Policy

# बाल सुरक्षा एवं कल्याण नीति

**English – Hindi (हिन्दी)**

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| **Simple Overview** | **सरल परिचय** |
| **Purpose** | **उद्देश्य** |
| This policy explains how Greenbrook Kindergarten keeps children safe, healthy and supported. It ensures that every decision made by the kindergarten puts children's safety, wellbeing and best interests first. | यह नीति बताती है कि **Greenbrook Kindergarten** बच्चों को सुरक्षित, स्वस्थ और सहयोगपूर्ण वातावरण कैसे प्रदान करता है। यह सुनिश्चित करती है कि किंडरगार्टन द्वारा लिया गया प्रत्येक निर्णय बच्चों की सुरक्षा, भलाई और सर्वोत्तम हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। |
| The policy also outlines what staff, volunteers, families and management must do to: | यह नीति यह भी बताती है कि कर्मचारियों, स्वयंसेवकों, परिवारों और प्रबंधन को क्या करना चाहिए ताकि: |
| • prevent harm | • बच्चों को नुकसान से बचाया जा सके |
| • recognise concerns | • किसी भी चिंता या जोखिम कि पहचान की जा सके |
| • respond appropriately | • उचित और समय पर कार्रवाई की जा सके |
| • meet legal child protection requirements | • बाल संरक्षण से संबंधित कानूनी आवश्यकताओं का पालन किया जा सके |

## Our Commitment | हमारी प्रतिबद्धता

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| Greenbrook Kindergarten is committed to: | **Greenbrook Kindergarten** की प्रतिबद्धता है: |
| • Providing a safe, caring and inclusive environment for every child. | • प्रत्येक बच्चे के लिए सुरक्षित, स्नेहमय और समावेशी वातावरण प्रदान करना। |
| • Listening to children and respecting their voices. | • बच्चों की बात ध्यान से सुनना और उनकी राय का सम्मान करना। |
| • Having zero tolerance for child abuse, neglect or inappropriate behaviour. | • बाल शोषण, उपेक्षा या अनुचित व्यवहार के प्रति शून्य सहनशीलता रखना। |

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| • Supporting children of all cultures, abilities, identities and family backgrounds. | • सभी संस्कृतियों, क्षमताओं, पहचानों और पारिवारिक पृष्ठभूमियों से आने वाले बच्चों का समर्थन करना। |
| • Creating culturally safe environments for Aboriginal children. | • आदिवासी (Aboriginal) बच्चों के लिए सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित वातावरण बनाना। |
| • Supporting children from culturally and linguistically diverse backgrounds. | • विभिन्न भाषाई और सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों से आने वाले बच्चों का समर्थन करना। |
| • Supporting children with disabilities. | • दिव्यांग बच्चों का समर्थन करना। |
| • Ensuring LGBTIQA+ children and families feel welcomed and respected. | • LGBTIQA+ बच्चों और उनके परिवारों का सम्मानपूर्वक स्वागत करना और उन्हें सुरक्षित एवं समावेशी वातावरण प्रदान करना। |

---

## Everyone Has a Responsibility | सभी की जिम्मेदारी

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| Child safety is everyone's responsibility, including: | बच्चों की सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है, जिनमें शामिल हैं: |
| • Approved Provider | • अनुमोदित सेवा प्रदाता |
| • Committee and management | • समिति एवं प्रबंधन |
| • Nominated Supervisor | • नामित पर्यवेक्षक |
| • Educators and teachers | • शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ |
| • Staff | • कर्मचारी |
| • Volunteers and students | • स्वयंसेवक एवं छात्र |
| • Families | • परिवार |

### Everyone must | प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए:

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| • follow the Child Safe Policy | • बाल सुरक्षा नीति का पालन करें। |
| • follow the Code of Conduct | • आचार संहिता का पालन करें। |
| • report concerns immediately | • किसी भी चिंता की तुरंत सूचना दें। |
| • always act in the best interests of children | • हमेशा बच्चों के सर्वोत्तम हित में कार्य करें। |

---

## How We Keep Children Safe | हम बच्चों को कैसे सुरक्षित रखते हैं

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| The kindergarten does this by: | किंडरगार्टन बच्चों की सुरक्षा निम्नलिखित तरीकों से सुनिश्चित करता है: |

## Safe Recruitment | सुरक्षित नियुक्ति प्रक्रिया

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| Before anyone works with children they must: | बच्चों के साथ कार्य शुरू करने से पहले प्रत्येक व्यक्ति को निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना होगा: |
| • hold a valid Working with Children Check (or VIT registration) | • वैध **Working with Children Check (WWCC)** या **VIT पंजीकरण** होना चाहिए। |
| • complete reference and background checks | • संदर्भ (Reference) और पृष्ठभूमि (Background) की जाँच पूरी करनी होगी। |
| • receive child safety induction | • बाल सुरक्षा से संबंधित प्रारंभिक प्रशिक्षण (Induction) प्राप्त करना होगा। |
| • complete mandatory child protection training | • अनिवार्य बाल संरक्षण प्रशिक्षण पूरा करना होगा। |

## Safe Environments | सुरक्षित वातावरण

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| The kindergarten: | किंडरगार्टन: |
| • supervises children at all times | • हर समय बच्चों की उचित निगरानी करता है। |
| • regularly assesses risks | • संभावित जोखिमों का नियमित रूप से आकलन करता है। |
| • keeps buildings, playgrounds and online environments safe | • भवनों, खेल के मैदानों और ऑनलाइन वातावरण को सुरक्षित बनाए रखता है। |
| • ensures visitors and volunteers are never left alone with children | • यह सुनिश्चित करता है कि आगंतुकों और स्वयंसेवकों को बच्चों के साथ कभी भी अकेला न छोड़ा जाए। |

## Child Participation | बच्चों की भागीदारी

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| Children are encouraged to: | बच्चों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे: |
| • speak up | • अपनी बात खुलकर कहें। |
| • express their feelings | • अपनी भावनाएँ व्यक्त करें। |

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| • understand body safety | • अपने शरीर की सुरक्षा के बारे में सीखें और समझें। |
| • know they can tell a trusted adult if something feels wrong | • यह जानें कि यदि उन्हें कुछ गलत या असुरक्षित लगे तो वे किसी भरोसेमंद वयस्क को बता सकते हैं। |

## Cultural Safety and Inclusion | सांस्कृतिक सुरक्षा और समावेशन

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| The kindergarten promotes: | किंडरगार्टन निम्नलिखित मूल्यों को बढ़ावा देता है: |
| • respect for Aboriginal culture | • आदिवासी (Aboriginal) संस्कृति का सम्मान। |
| • inclusion of all cultures | • सभी संस्कृतियों का सम्मान और समावेशन। |
| • equity | • समान अवसर और निष्पक्षता। |
| • anti-racism | • नस्लभेद का विरोध। |
| • support for children with additional needs | • अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता वाले बच्चों का सहयोग। |
| • respect for different family structures and identities | • विभिन्न पारिवारिक संरचनाओं और व्यक्तिगत पहचानों का सम्मान। |

## Staff Training | कर्मचारियों का प्रशिक्षण

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| All staff complete regular training in: | सभी कर्मचारी नियमित रूप से निम्नलिखित विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं: |
| • child protection | • बाल संरक्षण। |
| • mandatory reporting | • अनिवार्य प्रतिवेदन प्रक्रिया। |
| • recognising abuse | • दुर्व्यवहार या शोषण के संकेतों की पहचान। |
| • responding to disclosures | • यदि कोई बच्चा अपनी चिंता या अनुभव साझा करे तो उचित प्रतिक्रिया देना। |
| • cultural safety | • सांस्कृतिक सुरक्षा। |
| • Child Safe Standards | • बाल सुरक्षा मानक (Child Safe Standards) |
| • online safety | • ऑनलाइन सुरक्षा। |

## Recognising Concerns | चिंताओं की पहचान करना

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| Staff are expected to recognise signs of: | कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे निम्नलिखित के संकेतों की पहचान कर सकें: |
| • physical abuse | • शारीरिक दुर्व्यवहार |
| • sexual abuse | • यौन शोषण |
| • emotional abuse | • भावनात्मक दुर्व्यवहार |
| • neglect | • उपेक्षा |
| • family violence | • पारिवारिक हिंसा |
| • grooming | • अनुचित विश्वास या संबंध बनाकर शोषण की तैयारी (ग्रूमिंग) |
| • inappropriate behaviour | • अनुचित व्यवहार |
| • concerning sexual behaviours | • चिंताजनक यौन व्यवहार |
| Any concern is taken seriously. | किसी भी चिंता को गंभीरता से लिया जाता है। |

---

## If a Child Discloses Abuse | यदि कोई बच्चा दुर्व्यवहार के बारे में बताए

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| Staff should: | कर्मचारियों को चाहिए कि वे: |
| ✓ Stay calm. | ✓ शांत रहें। |
| ✓ Listen carefully. | ✓ ध्यानपूर्वक सुनें। |
| ✓ Believe the child. | ✓ बच्चे की बात पर विश्वास करें। |
| ✓ Reassure them they have done the right thing. | ✓ बच्चों को आश्वस्त करें कि उन्होंने सही काम किया है। |
| ✓ Record exactly what the child says. | ✓ बच्चे द्वारा कही गई बातों को बिल्कुल उसी प्रकार लिखित रूप में दर्ज करें। |
| ✓ Never promise secrecy. | ✓ कभी भी गोपनीयता का वादा न करें। |
| ✓ Never investigate themselves. | ✓ स्वयं जाँच करने का प्रयास न करें। |
| ✓ Report the concern immediately. | ✓ चिंता की तुरंत रिपोर्ट करें। |

---

## Reporting Concerns | चिंताओं की रिपोर्ट करना

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| If staff believe a child is at risk, they must: | यदि कर्मचारियों को लगता है कि कोई बच्चा जोखिम में है, तो उन्हें: |
| 1. Keep the child safe. | 1. सबसे पहले बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। |
| 2. Report concerns to management. | 2. अपनी चिंता की सूचना प्रबंधन को देनी चाहिए। |
| 3. Contact Child Protection and/or Victoria Police where required. | 3. आवश्यकता होने पर **Child Protection** और/या **Victoria Police** से संपर्क करना चाहिए। |

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| 4. Notify the Regulatory Authority when legally required. | 4. कानून के अनुसार आवश्यक होने पर संबंधित नियामक प्राधिकरण को सूचित करना चाहिए। |
| 5. Keep accurate written records. | 5. सभी घटनाओं का सही और स्पष्ट लिखित अभिलेख रखना चाहिए। |
| 6. Continue supporting the child. | 6. बच्चे को लगातार सहयोग और सहायता प्रदान करनी चाहिए। |
| Mandatory reporters must report suspected physical or sexual abuse when they form a reasonable belief. | अनिवार्य रिपोर्ट करने वाले (Mandatory Reporters) को जब उचित आधार पर शारीरिक या यौन शोषण का संदेह हो, तो उसकी रिपोर्ट करना कानूनी रूप से आवश्यक है। |

---

## Information Sharing | जानकारी साझा करना

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| The kindergarten may share confidential information with authorised agencies when it is necessary to: | आवश्यकता पड़ने पर किंडरगार्टन अधिकृत एजेंसियों के साथ गोपनीय जानकारी साझा कर सकता है ताकि: |
| • protect a child | • किसी बच्चे की सुरक्षा की जा सके। |
| • support a child's wellbeing | • बच्चे के कल्याण में सहायता की जा सके। |
| • manage family violence risks | • पारिवारिक हिंसा से जुड़े जोखिमों का प्रबंधन किया जा सके। |
| When sharing information, the child's safety always comes before privacy where the law allows. | जहाँ कानून इसकी अनुमति देता है, वहाँ जानकारी साझा करते समय बच्चे की सुरक्षा को हमेशा गोपनीयता से अधिक प्राथमिकता दी जाती है। |

---

## Continuous Improvement | निरंतर सुधार

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| The service regularly: | किंडरगार्टन नियमित रूप से: |
| • reviews risks | • संभावित जोखिमों की समीक्षा करता है। |
| • reviews incidents | • घटनाओं की समीक्षा करता है। |
| • updates policies | • नीतियों को अद्यतन करता है। |
| • consults staff and families | • कर्मचारियों और परिवारों से परामर्श करता है। |
| • completes child safety self-assessments | • बाल सुरक्षा से संबंधित स्व-मूल्यांकन करता है। |

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| • improves practices to meet the Victorian Child Safe Standards | • अपनी प्रक्रियाओं में सुधार करता है ताकि **Victorian Child Safe Standards** का पालन सुनिश्चित हो सके। |

---

## Key Message from the Child Safety & Wellbeing Policy | बाल सुरक्षा एवं कल्याण नीति का मुख्य संदेश

| English | हिन्दी (Hindi) |
|---|---|
| Every child has the right to be safe, respected and heard! | **प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित रहने, सम्मान पाने और अपनी बात कहने का अधिकार है!** |
| Greenbrook Kindergarten is committed to creating an environment where: | **Greenbrook Kindergarten** ऐसा वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जहाँ: |
| • children's safety always comes first | • बच्चों की सुरक्षा हमेशा सबसे पहले रखी जाती है। |
| • all adults understand their responsibilities | • सभी वयस्क अपनी जिम्मेदारियों को समझते हैं। |
| • concerns are acted on immediately | • हर चिंता पर तुरंत कार्रवाई की जाती है। |
| • abuse is prevented wherever possible | • जहाँ भी संभव हो, दुर्व्यवहार को रोका जाता है। |
| • every child feels included, valued and protected | • प्रत्येक बच्चा स्वयं को शामिल, सम्मानित और सुरक्षित महसूस करता है। |

---